हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर 2025

06 सुगमता से दर्शन के लिए माता टेकरी पर पर्याप्त...



07 हिंदी पखवाड़ा एक अभियान है जो हिंदी को बढ़ावा देने...





## खबर संक्षेप

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

### हाउसिंग बोर्ड स्थित ओवर ब्रिज पर दोनों तरफ हो सर्विस रोड का निर्माण

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयाज जारी कर विरोध प्रकट किया है कि हाउसिंगबोर्ड स्थित जो ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है वह नागरिकों के आवगवन के मापदण्डों के हिसाब से उचित नही है, क्योंकि इस पुराने हाईवे से प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज के हजारों विद्यार्थी आते जाते हैं। हाउसिंह बोर्ड, कृष्णा नगर, नगर सुधार न्यास आदि कॉलोनीयो के लोगो का आना जाना इसी सर्विस रोड से रहेगा। इस रोड पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक रहता है। यहाँ पर बन रहे ओवर ब्रिज की जब ड्राइंग हो रही थी तब ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को यह समझ में नहीं आया कि हम जहां ब्रिज को उतारेंगे उसके सामने प्राइवेट भूमि आ जाएगी। प्राइवेट भूमि आने के कारण एक ही तरफ से सर्विस रोड दिया जा रहा है।

### आचार्य विमल सागरजी की 110वीं जयंती पर शिक्षक वर्ग संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

# बच्चों को सुसंस्कारों से शिक्षित कर दुष्संस्कारों से बचाएं मोबाइल के कारण रिश्तों में दूरियां बढ़ रहीं: विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

## अहिंसा, व्यसन-मुक्ति, शाकाहार, मोबाइल दुष्परिणाम और टूटते परिवार विषयों पर हुई परिचर्चा





बच्चे देश के भावी भविष्य है, जो नवीन भारत का निर्माण करेंगे। शिक्षक बच्चों में श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण कर उन्हें सुसंस्कारों से शिक्षित कर दुष्संस्कारों से बचाए। अहिंसा के द्वारा जीवन में शांति की प्राप्ति होती है। जिसके अंदर अहिंसा नहीं वह जीवन में शांति का अनुभव नहीं कर सकता। व्यसन व्यक्ति को दुष्प्रभावित कर रहे हैं।

मोबाइल जीवन में वरदान भी है, तो अभिशाप भी है। मोबाइल के कारण रिश्तो में दूरियां बढ़ती जा रही है। जीवन में शाकाहार को अपनाकर सात्विक समाज व पूर्ण भारत का निर्माण करें। नगर में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि प्रवर्तक श्री विश्व नायक महाराज साहब की प्रेरणा से आचार्य विमल सागरजी की 110 वीं जयंती पर अहिंसा, व्यसन - मुक्ति, शाकाहार, मोबाइल दुष्परिणाम एवं टूटते परिवार विषयों के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शिक्षक वर्ग संगोष्ठी का आयोजन त्यागी भवन में रखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक वर्ग के साथ बुद्धिजीवी तथा गणमान्य नागरिक व समाजजन द्वारा भाग लिया गया।

संगोष्ठी में मुनि श्री द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने सार गर्भित प्रवचन के माध्यम से सभी को नई दिशा प्रदान करते हुए यह विचार व्यक्त किए गए। मुनिश्री ने कहाकि शिक्षक स्कूल में कितने - कितने बच्चों को शिक्षा प्रदान कर संस्कारित करते हैं। यह बच्चे देश का भावी भविष्य है, जो नवीन भारत का निर्माण करेंगे। शिक्षक इन्हें सुसंस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कर दुष्संस्कारों से बचाए। उन्होंने कहाकि जीवन में संगति का भी असर होता है। यदि एक छात्र भी व्यसन आदि बुराइयों मैं लिप्त होता है तो इसका असर अन्य छात्रों पर भी पड़ सकता है। शिक्षक भी अपने व्यसनों का त्याग करें ताकि उसका प्रभाव छात्रों पर न पड़ने पाये। क्योंकि यदि शिक्षक छात्रों के समक्ष किसी प्रकार का कोई व्यसन करता है तो वहां उस बुराई को छोड़ने के लिए छात्र को संस्कारित नहीं कर सकता। यदि उसे कोई व्यसन जैसे बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू आदि का सेवन करना भी है तो वह अपने छात्रों के समक्ष न करें।

मुनिश्री ने शाकाहार पर जोर देते हुए कहाकि जैसा खावे अन्न वैसा होवे मन। प्राणी जैसा भोजन करता है उसका मन, उसका विचार वैसा ही होता है। सात्विक भोजन से सात्विक तथा तामसिक भोजन से तामसिक बन जाते हैं। हम सात्विक समाज व पूर्ण भारत का निर्माण करे। प्राचीन समय में दूध दही की नदियां बहती थी अब शुद्ध पानी भी नहीं मिलता है। मुनिश्री ने कहाकि शाकाहारी भोजन के गुणों को जानकर अब पाश्चात्य देशों द्वारा शाकाहार को अपनाया जा रहा है। शाकाहारी भोजन से न केवल प्रोटीन प्राप्त होते हैं अपितु अन्य पोषक तत्व विटामिन, कैलोरी भी अपेक्षाकृत अधिक प्राप्त होते हैं। शाकाहार अधिक बलवर्धक भी है। मुनिश्री ने कहाकि हमारी भारतीय संस्कृति में जितने भी महापुरुष हुए हैं उनका समग्र जीवन दया, करुणा, प्रेम व वात्सल्य से भरा हुआ रहा। उन्होंने हर प्राणी को सच्चे रास्ते पर चलने की शिक्षा दी इसीलिए वह महापुरुष कहलाये। उन्हीं महापुरुषों की परंपरा में हमारे गुरुदेव प.पू.गणाचार्य आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज भी एक थे। जिनका हृदय भी करुणा, प्रेम, दया, अहिंसा, स्वपर उपकार और वात्सल्य से भरा रहता था। यहीं कारण है की 40 वर्ष पूर्व जो अभियान प्रारंभ किया गया था।वह आज भी सतत जारी है। गुरुदेव से 40 लाख लोग प्रभावित हुये जिन्होंने जीवन को संकल्पित कर संस्कारित किया। पहले अहिंसा, व्यसन, शाकाहार इन तीन विषयों पर संगोष्ठी आयोजित की जाती थी। बाद में अन्य विषयों को इसमें समाहित किया गया।

मुनि श्री ने कहा कि व्यसन करने वाला व्यक्ति अपना भी अहित करता है वहीं परिवार का भी अहित करता है। व्यसन के कारण जीवन में कई बीमारियों को आमंत्रण देता है। एक व्यक्ति शराब पीता है तो पूरा परिवार उसके कारण दुःखी रहता है। शराबी व्यक्ति में विवेक नहीं होता है। जो उचित क्या है, अनुचित क्या है इसका फर्क ही नहीं समझ पाता है। शराब कितने परिवारों को तहस-नहस कर नष्ट कर रही है। इसी प्रकार सिगरेट पीने वाला व्यक्ति सोचता है मैं सिगरेट पी रहा हूं, लेकिन वहां गलतफहमी में है क्योंकि सिगरेट उसे पी रही है।

मुनिश्री ने कहाकि वर्तमान समय में मोबाइल फोन हमारे जीवन में वरदान भी है, तो अभिशाप भी है। मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया हैं। इसके अधिक उपयोग से कई दुष्परिणाम भी हो सकते हैं। इससे परिवारों के रिश्ते में दूरियां बढ़ती जा रही है। व्यक्ति अपने माता-पिता तथा कुटुंबियों से दूर होता जा रहा है। मुनिश्री ने कहाकि आज के समय में परिवार की संरचना और उसके महत्व में काफी बदलाव आया है, पहले के समय में परिवार एक मजबूत इकाई के रूप में देखा जाता था, जहां सभी सदस्य एक साथ रहते थे और एक दूसरे का सहयोग करते थे। लेकिन आज के समय में परिवार टूटने की घटनाएं बढ़ रही है, जिससे समाज पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जीवन में स्वतंत्रता एवं आर्थिक कारण परिवार टूटने में प्रमुख है।

### आकांक्षा बढ़ने से घर की मर्यादा समाप्त हो गई है: मुनि प्रवर्तक



संगोष्ठी में मुनि प्रवर्तक श्री विश्व नायक सागरजी महाराज ने कहा कि वर्तमान में हमारी आकांक्षा इतनी बढ़ गई कि हमारे घर की मर्यादा समाप्त हो गई है। माताएं अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। क्योंकि मां के संस्कार अन्य संस्कारों से भी बढ़कर व ज्यादा है। यदि जीजाबाई नहीं होती तो शिवाजी महाराज नहीं होते। मुनि श्री ने कहाकि भारत विश्व गुरु के स्थान को पुनः प्राप्त करें इसके लिए हमें अपने बच्चों को संस्कारित करना होगा। टूटे हुए परिवार देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहाकि महावीर के द्वारा दिए गए संस्कारों का आज भी जैन मुनियों द्वारा पालन कर उसका अनुशरण किया जाता है। रात्रि में मौन रखते हैं ताकि जीव हिंसा न हो एक समय भोजन करते हैं। दिगंबर जैन मुनियों द्वारा महावीर स्वामी के समय की चर्या का पालन आज भी किया जा रहा है।

### शिक्षकों ने भी परिचर्चा में लिया भाग

शिक्षक वर्ग संगोष्ठी के इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों द्वारा परिचर्चा में विभिन्न विषयों पर शिक्षक घनश्याम कुंभकार द्वारा अहिंसा पर, मनोज दुबे द्वारा शाकाहार पर, मनोज चतुर्वेदी द्वारा व्यसन पर, मुकेश चौरसिया द्वारा मोबाइल के दुष्परिणाम पर, तरुण राठौर द्वारा टूटते परिवार पर, गोविंद राठौड़ द्वारा स्वच्छता पर तथा समाज की अंजू पाड़यि द्वारा अहिंसा पर अपने उद्बोधन देकर परिचर्चा में भाग लिया। डॉ अशोक जैन प्राचार्य सांवेर द्वारा भी चर्चा में भाग लिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गणाचार्य 108 विराग सागरजी महाराज के चित्र के समक्ष शिक्षा विभाग के बीईओ डा. दिनेश त्रिवेदी, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, उत्कृष्ट शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ओम प्रकाश बंसिया, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एल. रावल द्वारा दीप प्रजज्वलन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा मुनि श्री विवर्धन सागर जी को श्रीफल भेंट किया गया। श्रीमती शोभना अजय सोगानी द्वारा स्व रचित मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश जैन आचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी आमंत्रित शिक्षकों व प्रबुद्ध जनों को दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा एवं विराग विवर्धन चातुर्मास समिति की ओर से मुनि श्री के हाथों फोल्डर किट एवं साहित्य भेंट किया गया।

## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल घरोला में मनाया गया हिंदी दिवस



**नलखेड़ा।** पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में हिंदी दिवस के अवसर पर सस्वर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी हिंदी पाठ्यपुस्तक की कविताओं का लय के साथ वाचन किया एवं सुमधुर स्वर में गाकर सुनाया। इस अवसर पर हिंदी विषय के अध्यापक हेमराज पाटीदार ने देशभक्ति ओजस्वी गीत के साथ हिंदी दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला एवं वर्तमान समय में हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि के महत्व को स्पष्ट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोपाल विश्वकर्मा ने मातृभाषा हिंदी के प्रति समर्पण, अनुराग एवं प्रेम विकसित करने की बात पर बल दिया तथा मातृभाषा हिंदी को संस्कृति से जोड़कर देखने की बात कही। इस अवसर पर दीपिका शिवानी पूनम गोस्वामी अर्चना प्रजापति रानी यशिका शोभा शर्मा निशा गोस्वामी निशा बामनिया अर्पिता मोहन मेघवाल विशाल मालवीय धीरज मालवीय गौरी वैष्णव बलराम ऋतेश बामनिया खुशी लववंशी आदि छात्र-छात्राओं ने कविताओं की प्रस्तुति दी।

## विश्व हिन्दी दिवस पर किया गया कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहले दिन लगातार 45 सालों से साहित्य के क्षेत्र में कवि के रूप में अपनी सेवा दे रहे पूर्व शिक्षक हरि ओम शर्मा दाऊ, उज्जैन के कवि रमेश कुमार, विदिशा के मनीष कुमावत, सागर के कवि साहित्कार लक्ष्मी वर्मा का सम्मान केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने किया।

इस मौके पर साहित्कार श्री दाऊ ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की ज़िम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। बल्कि इसके लिए हम सभी का सम्मिलित प्रयास आवश्यक है। बिना अपनी भाषा ज्ञान के पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए। sकार्यक्रम के दौरान संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने वेट लिफ्टिर शिशिर शर्मा कृष्ण डेरी का सम्मान किया और कहाकि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अधिक प्रयास करना और इसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाया जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने कहा कि राजा और गुरु के पास खाली हाथ नहीं जाते है, यह हमारे देश की परम्परा है कि गुरु का सम्मान किया जाना चाहिए। संस्कृत के बाद यदि भारतीय संस्कृति की पहचान किसी भाषा में सुरक्षित है, तो वह हिन्दी है। उत्तर भारत में आज भी कबीर की वाणी और रामचरितमानस जितने मनोयोग के साथ पढ़ें और गुने जाते हैं, उतने मनोयोग से किसी भी भाषा का साहित्य नहीं पढ़ा जाता। किसी भी भाषा का स्वरूप उसकी जनता तय करती हैं, इसलिए हिन्दी एक वचन नहीं बहुवचन है। यह बहु वचनता ही उसकी असल ताकत है। यह बहुवचनता जब तक बनी रहेगी, तब तक हिन्दी बची रहेगी। हिन्दी की असल ताकत उसकी बोलियां है। इसीलिए हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग भक्ति काल है और भक्ति काल हिन्दी की बोलियों का साहित्य है। यह हमारा सौभाग्य है कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में लंबे समय से पूर्व शिक्षक और साहित्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे श्री शर्मा का सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अनेक वक्ताओं ने यहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

### विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंच मार्ग के खस्ता हालात

# विडंबना: गंदा पानी बह रहा सड़क पर, उसी में से होकर निकलने को मजबूर दर्शनार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय नगर परिषद की अकर्मण्यता का खामियाजा नगरवासियों के साथ ही देश भर से आने वाले दर्शनार्थी भी उठाने को मजबूर हो रहे है। मामला विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर मार्ग का है जहाँ नाली के अभाव में घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इस गंदे पानी मे से नगरवासियों के साथ ही देश भर से आने वाले माता भक्त भी निकलने को मजबूर हो रहे है। इस गंदे पानी मे से जब कोई चौपहिया वाहन निकलता है तो उसके छीटे दूर तक जाते है जो कि राहगीरों के ऊपर भी पड़ते है। ऐसे में जहां गंदे पानी से उनके कपड़े तो खराब होते ही है वही स्नान आदि कर पवित्र होकर दर्शन करने जाने वाले इस गंदे पानी से अपवित्र भी हो जाते है। उक्त मार्ग पर सड़क पर गंदा पानी गत कई वर्षों से बह रहा है जिसके सम्बंध में कई बार समाचार प्रकाशन कर जिम्मेदारों को संज्ञान में लाया गया है। गत तीन चार माह पूर्व भी नगर परिषद के सीएमओ द्वारा सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का शीघ्र ही प्राक्कलन बनाकर नाली निर्माण कर समस्या के स्थायी हल की बात कही गई थी लेकिन आज तक इस ओर कोई कार्यवाही नही हुई है।

गौरतलब है कि नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन देश के विभिन्न स्थानों से हजारों दर्शनार्थी पहुंचते है वे इसी मार्ग से होकर माता के दर्शन हेतु जाते है साथ ही इसी मार्ग पर कई होटल स्थित है जहाँ दर्शनार्थी रुकते है ऐसे में मार्ग पर बहता यह गंदा पानी नगर की स्वच्छता व जिम्मेदारों की अकर्मण्यता को दर्शा रहा है। आगामी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि महापर्व प्रारम्भ हो रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेंगे जोकि इसी मार्ग से जाएंगे ऐसे में स्वच्छता में फिसड्डी नगर पंचायत के जिम्मेदारों को संज्ञान लेकर मुख्य मार्ग पर बहते गंदे पानी को रोकने व गंदे पानी की समुचित निकासी के इंतजाम करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### युवक का शव मिला, चार दिनों से था लापता



**देवास।** रसूलपुर बायपास ब्रिज के पास सोमवार को एक युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक की पहचान केलोद निवासी रोहित चौधरी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। मौके से पुलिस को उसकी मोटरसाइकिल और बैग भी बरामद हुए हैं। रोहित चौधरी पिछले चार दिनों से लापता था। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। रोहित इंदौर के एक निजी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत था। वह रोजाना देवास से इंदौर आता-जाता था।औद्योगिक थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### हाई स्कूल में इंजीनियर डे पर हुआ कार्यक्रम



**बागली।** शासकीय कन्या हाई स्कूल में इंजीनियर डे के अवसर पर हाटपिपल्या सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजनाकी ओर से एसडीओ गुंजन सक्सेना के मुख्य आतिथ्य तथा प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभाकरण की अध्यक्षता में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर कर 158 स्कूली बच्चों को नोट बुक, कम्पास तथा कोलड्रिंक उपहार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेश गोस्वामी, वरिष्ठ शिक्षक वासुदेव जोशी, सरोज जौहरी, नीशा योगी, दशरथ शर्मा, आयशा अली, मनीषा,मोहन पर्ते और कृष्णा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन कर इंजीनियरिंग दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं प्रदान की।

नवरात्रि पर्व पर तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# सुगमता से दर्शन के लिए माता टेकरी पर पर्याप्त व्यवस्था के साथ कंट्रोल रूम से 24 घंटे करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर





माता टेकरी पर आवश्यक स्थानों पर बैरिकेड की व्यवस्था करने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में मॉ चामुंडा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, भू-प्रबंधन अधिकारी बिहारी सिंह, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह, एसडीएम आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया, तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार हरीओम ठाकुर, ट्रैफिक टीआई पवन कुमार, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, स्वास्थ्य विभाग, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। नवरात्रि प्रारंभ होने में एक सप्ताह का समय है। एक सप्ताह में सभी कार्य पूर्ण कर लें। नवरात्रि में टेकरी पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि माताजी टेकरी पर उच्च गुणवत्ता की सुविधा हों, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुजन देवास के इस प्रसिद्ध स्थान की व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर जाये। सिंह ने कहा कि टेकरी स्थित समस्त मंदिरों एवं सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र की साफ-सफाई की जाये। सम्पूर्ण टेकरी साज-सज्जा की जाये। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक दर्शन की सुविधा की दृष्टि से टेकरी पर शौचालय, पानी व छाया सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। जूते चप्पल स्टैण्ड की उचित व्यवस्था करें। पार्किंग व्यवस्था अच्छे से करें। पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये तथा पार्किंग स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें। शहर में जगह-जगह भण्डारें लगाने के पाईंट सुनिश्चित करें लें। भण्डारा स्थल पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रखें। भण्डारा स्थल पर उचित मात्रा में डस्टबीन रखें, जिससे कोई सड़क पर जगह-जगह दौना-पत्तल न फेंके। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करें। नवरात्रि के दौरान अवैध दुकानों के अतिक्रमण को हटाया जाये। नवरात्रि के दौरान दुकाने लगने का स्थल चयन कर लें। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं किसी भी प्रकार की समस्या के लिए हेल्प डेस्क भी लगाये। माता जी टेकरी पर सभी पाईंट पर वॉलेंटियर्स की ड्यूटी लगाई जाये। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिशा-निर्देश के पोस्टर लगाएं।कलेक्टर सिंह ने परिक्रमा मार्ग पर वॉटर प्रुफ टेंट लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर कारपेट बिछाये। जिससे श्रद्धालुओं को परिक्रमा करते समय कोई समस्या नहीं आये। टेकरी पर कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग करें। शहर के मुख्य मार्गो पर 360 व्यू के सीसीटीवी कैमरा लगाये। जिससे सभी गतिविधियों पर 24 घण्टे नजर रखी जा सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मीना बाजार पॉयोनियर स्कूल के पीछे लगने, इसको देखते हुए ट्रॉफिक की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाये। नवरात्रि के दौरान बैरिकेट्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। पार्किंग स्थल से लेकर सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र पर आवश्यक स्थानों पर बैरिकेड की व्यवस्था करें। अवैध पार्किंग पर कार्यवाही की जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने एमपीईबी को निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि के दौरान टेकरी क्षेत्र में निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। माताजी टेकरी पर विद्युत व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाये।कलेक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिए कि माताजी टेकरी पर संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था करें, टेकरी पर प्रमुख स्थानों पर फिक्स डस्टबिन लगाए एवं प्रतिदिन कचरे का संग्रहण करें। नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि माताजी टेकरी पर मेडिकल काउंटर लगाएं। मेडिकल काउंटर पर डाक्टरों एवं स्टॉफ की ड्यूटी लगाएं। एंबुलेंस और दवाइयों की सम्पूर्ण व्यवस्था रखें। बडी माता छोटी माता मंदिर के पास मेडिकल कैंप, सत्संग हाल में मिनी हॉस्पीटल बनाये। उन्होंने फायरब्रिगेड की व्यवस्था के निर्देश भी दिये।

### अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करने पर की कार्रवाई

**देवास।** कार्यपालिक दण्डाधिकारी सोनकच्छ ज्योति जाटव ने बताया कि तहसील सोनकच्छ के अन्तगर्त अवैध रुप से हरे-भरे वृक्षो की कटाई की जाकर बिना अनुमति के परिवहन किया जा रहा था, जिसे मौके पर रुकवाया गया एवं द्वारा मौके पर सलीम शाह पिता बल्लुशाह सोनकच्छ द्वारा बिना नगर परिषद सोनकच्छ एवं राजस्व विभाग के अनुमति के वृक्षों की कटाई एवं परिवहन में इस्तेमाल वाहन को मौके पर जप्त किया गया। साथ ही करीबन 20 क्विंटल लकडी जप्त की जाकर वन विभाग के परिक्षेत्र सहायक सुनील मालवीय की सुपूर्दगी में दी जाकर विधिक कार्यवाही की गई ।

### टैंकर की टक्कर से युवक की मौत

**देवास।** रविवार रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राज नवरंग के रूप में हुई है। वह कलमा का रहने वाला था। राज भोपाल रोड स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। बीती रात जब वह कंपनी से अपने घर कलमा जा रहा था, तब रास्ते में एक टैंकर ने सामने से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल राज को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

## मंदिर में दो नकाबपोशों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




थाना क्षेत्र भौरासा के नेवरी फाटा पर स्थित प्रसिद्ध बाबा खाटू श्याम मंदिर में रविवार रात करीब 2 बजे के लगभग दो नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर मंदिर में रखी दान पेटी पर हाथ साफ किया। सोमवार सुबह 7 बजे के दरमियान जब मंदिर पुजारी राम व्यास निवासी सोनकच्छ पूजन पाठ के लिए मंदिर प्रांगण पहुंचे तो छोटी और बड़ी दोनों दान पेटी टूटी देख भोचक्के रह गए और इस बात की सूचना समिति के सदस्यों को दी। समिति सदस्यों ने पास में ही मौजूद नेवरी फाटा स्थित पुलिस चौकी पर सूचना दी, जिस पर भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे अपने दल बल सहित खाटू श्याम मंदिर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो नकाब पोश बदमाश वारदात को अंजाम देते नजर आए। वही समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इन दान पेटीयो में लगभग ढाई से तीन लाख रुपए की दान राशि होगी, क्योंकि यह दान पेटी महीने में एक बार समिति सदस्यो के द्वारा खोली जाती है। दान पेटी पिछली डोल ग्यारस के पहले खोली गई थी और अब फिर ग्यारस से पहले खोली जानी थी। वही इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा देवास से डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। अन्य जगह भी फुटेज देखें जा रहे हैं।

## सरकार के खिलाफ किसानों का फूटा गुस्सा, भारतीय किसान संघ ने मोटर साइकिल रैली निकाल कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले की सभी तहसीलों से सोमवार को किसान देवास पहुंचे। शहर में रैली निकालने के बाद किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।वहां कलेक्टर ऋतुराज सिंह को ज्ञापन सौंप किसानों ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। पहला ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम दिया, जिसमें किसानों ने मांग कि, की उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य मिले,आयात निर्यात नीति में सुधार कर किसान हितेषी योजना बनाई जाए कंद फसले आलू, प्याज, लहसुन का निर्यात करें, भूमि अधिग्रहण कानून देश में एक जैसा हो, सभी राज्यों की तरह चार गुना बाजार भाव से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिले,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति हटाई जाए क्योंकि फसल कटाई प्रयोग एवं सैटेलाइट पद्धति के प्रयोग में काफी अंतर आ रहा है ।वही दूसरे ज्ञापन मुख्यमंत्री मोहन यादव नाम ज्ञापन दिया गया, जिसमें जिले में सोयाबीन फसल वायरस किट प्रकोप से 60 से 70 प्रतिशत तक खराब हो चुकी है, उसका सही सर्वे कर राहत राशि दिलाई जाए,जंगली जानवर रोजडे, जंगली सूअर ,बंदर ,हिरण की नसबंदी की जाए। हाटपिपल्या सिंचाई योजना के तालाबों का जल्द काम शुरू किया जाए। रेलवे लाइन एवं अन्य कार्यों में ली जाने वाली भूमि का बाजार रेट से मुआवजा दिया जाए। देवास जिले में एनपीके खाद 12 -32 -16 ,यूरिया ,डीएपी की शीघ्र व्यवस्था की जाए, लैंड पुलिंग योजना निरस्त की जाए ,टीएनसी लागू की जाए।कृषि मण्डी में सभी किसान एकत्रित हुए। वहां से दोपहर 1 बजे बाइक रैली के रूप में भोपाल चौराहा होते हुए सयाजी द्वार से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसानों ने गगनचुंबी नारे लगाए। कौन हमारे सुख दाता धरती गंगा गो माता, जो किसान हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा।कलेक्टर पहुंचने पर किसानों ने एडीएम शोभाराम सोलंकी को ज्ञापन देने से मना कर दिया।किसानों कि मांग पर 15 मिनट बाद कलेक्टर ऋतुराज सिंह सिंह किसानों से मिलने पहुंचे। किसानों ने कलेक्टर को अपनी समस्या गिनाई। जिला मंत्री शेखर पटेल ने ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन के दौरान प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, सम्भागीय सहमंत्री बहादुर सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल, नारायण मंडलोई, केदारमल पाटीदार, गोकुल सिंह चौहान, भगवान पटेल, आंनद मेहता,माखन नाहर, राकेश जाट, संजय जलोदिया, कालुसिंह राजपूत, रामनारायण यादव, अनिल पाटीदार, शिवशंकर गहलोत सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## रेत का अवैध रूप से उत्खनन करने पर दो पर हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



फतेहगढ़ घाट पर रेत का अवैध रूप से उत्खनन करने पर सतवास थाने में आरोपी संजय पिता कनीराम नायक निवासी ग्राम बोरकुंडिया तथा निसार शेख निवासी ग्राम अतवास के विरूध्द एफआईआर दर्ज की गई है।

तहसीलदार सतवास ने बताया कि उनके द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान फतेहगढ़ घाट से बालू रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर आयशर जिसका मालिक संजय नायक निवासी बोरकुंडिया व पवर ट्रेक ट्रैक्टर जिसका मालिक निसार शेख ग्राम अतवास को जप्त किया गया। जप्त कर ड्राइवर से रयल्टी की मांग की गयी जो कि ड्राइवरों के द्वारा रयल्टी होना नही बताया है तथा ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबर नही पाये गये । जिसका मौका पंचनामा तैयार किया जाकर प्रकरण तहसील लाया में दर्ज कराया गया।

सांसद के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव के तहत लेकर आयोजित हुई प्रबुद्धजन संगोष्ठी

## वन नेशन, वन इलेक्शन कई मायनों में देशहित में है: पुष्यमित्र






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वन नेशन, वन इलेक्शन अर्थात एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा सन 1980 से ही चर्चाओं में आ गई थी। अंग्रेजों की सत्ता से मुक्ति के पश्चात जब हमारा संविधान, लोकतांत्रिक प्रक्रिया लागू हुई। उसके बाद 1967 तक देश में लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते रहे, लेकिन बाद में राज्यों में किन्हीं कारणों से चुनी हुई सरकारों के समय से पूर्व पतन के कारण धीरे धीरे केंद्र ओर राज्यों के चुनाव अलग अलग होने की परम्परा चल पड़ी, जबकि वन नेशन, वन इलेक्शन कई मायनों में देशहित में है। विकासनगर स्थित रामाश्रय पैराडाइज के खचाखच भरे सभागृह में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में उपरोक्त विचार मुख्य वक्ता इंदौर के महापौर और मुख्य वक्ता पुष्यमित्र भार्गव ने व्यक्त किए। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुई संगोष्ठी में सर्वप्रथम देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में एक राष्ट्र, एक चुनाव को विकसित भारत की संकल्प सिद्धि के लिए आवश्यक बताया। सांसद सोलंकी द्वारा मंचस्थ अतिथि मुख्य वक्ता भार्गव एवं नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम कुमार के पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात इंदौर महापौर एवं वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रदेश सह संयोजक भार्गव ने अलग अलग चुनावों पर होने वाले जनता के धन की बर्बादी, प्रशासनिक एवं सुरक्षा तंत्र के कार्यभार की बढ़ोतरी, विकास के कार्यों में बाधा इत्यादि बातों को प्रभावी एवं सारगर्भित तरीके से प्रबुद्धजनों के बीच विस्तार से व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सन 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है। उस दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन बेहद कारगर साबित होगा। भार्गव ने अपने उद्बोधन के पश्चात प्रबुद्धजनों के प्रश्नों के भी सटीक एवं समाधानकारी उत्तर दिए। संगोष्ठी का संचालन भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री पंकज वर्मा द्वारा किया गया। अंत में भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान द्वारा आभार प्रकट कर वन्देमातरम गीत से संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में नगर के विविध क्षेत्रों अधिवक्ता, वरिष्ठ नागरिक, डॉक्टर्स, स्टूडेंट, खिलाड़ी, कृषक, व्यापारी, शिक्षक, श्रमिक, साहित्यकार, महिलाएं, आम नागरिक सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल द्वारा दी गई।


## बाह्यस्रोत संगठन ने ऊर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार को बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम ज्ञापन अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया को दिया गया। ज्ञापन मुख्यत बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारीयों की मांगों तथा समस्याओं के संबंध में रहा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ऊर्जा विभाग द्वारा स्वीकृत 49263 नवीन पदों में ऊर्जा विभाग में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारी को विभागीय परीक्षा के माध्यम से विभाग में समायोजित कर शेष पदों पर भर्ती की जाए। इससे बिजली कंपनी को योग्य और अनुभवी कर्मचारी मिलेंगे। साथ ही आउटसोर्स कर्मियों को 60 वर्ष तक की सेवा करने का सम्मान भी प्रदान किया जाए।इस अवसर पर बिजली कर्मचारी महासंघ के क्षेत्रीय सचिव भगवान स्वरूप श्रीवास्तव, प्रकाश चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष लोकेश सेन, मीडिया प्रभारी संजय चौधरी,अजय बैस,श्याम प्रजापति, राहुल जाट,चेतन सेंधव,गौरव श्रीवास,शिवकरण पाटीदार,शुभम मुजमेर, राम-लखन अजमेरी, विनोद पटेल, जितेन्द्र चौहान, रंजीत कलेसरिया,राकेश परमार,पंकज कुमावत,आदर्श सेंधव इत्यादि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### किसानों ने सड़क पार करते देखा था तेंदुआ

**ललितपुर।** मड़ावरा वन क्षेत्र में बीती रात तेंदुए की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्राम मदनपुर और दारूतला के बीच रात करीब 9 बजे कुछ राहगीरों ने सड़क पार करते हुए तेंदुए को देखा। राहगीरों ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों और मदनपुर पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर वन क्षेत्रधिकारी अशोक कुमार यादव और पुलिस क्षेत्रधिकारी कृष्णकुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस व वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने देर रात तक टॉर्च की रोशनी में जंगल की सघन तलाशी ली, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं लग सका। वन क्षेत्रधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया है। बाहर सोने वाले लोगों को घरों के भीतर जाने की सलाह दी गई है, साथ ही जंगल में अनावश्यक रूप से न जाने की हिदायत दी गई है। इससे पहले 6 सितंबर को भी मदनपुर वन बीट के भौंती गांव के पास तेंदुए ने एक बछड़े पर हमला किया था, हालांकि चरवाहे की सूझबूझ से बछड़ा बच गया था। वहीं जून माह में इसी क्षेत्र के तालाब स्पिलवे से एक घायल तेंदुआ मिला था, जिसे वन विभाग ने करीब 15 घंटे लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा था।

### भारतीय जनता पार्टी द्वारा शोकसभा आयोजित

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की द्वारा जिला कार्यालय में शोकसभा आयोजित हुई।शोक सभा में भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा दीपक चौबे के पूज्य चाचा जी पं बालकिशन चौबे उर्फ अन्जनी कुमार चौबे जी के आकस्मिक निधन एवं महरौनी बार ऐशोशियेशन के अध्यक्ष बलराम जी शरण खरे एड के अनुज भ्राता राघवेन्द्र शरण जी खरे एड के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।एवं पवित्र आत्माओं की शांति हेतु दो मिनिट मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, ध्रुव सिंह सिसौदिया,दीपक पाराशर, मनीष सड़ैया, विक्रांत रावत, मनीष बामौरा ,दीपक वैद्य,अनमोल पाठक,अजय साईकिल, अशोक साहू दाऊ आदि उपस्थित रहे।

### दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग, पत्नी से मारपीट

**ललितपुर।** नेहरू नगर बच्चा जेल के पास निवासी महक राजा पत्नी के.पी.सिंह ने पुलिस को तहरीर दी । बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी शादी काला पहाड़ी निवासी प्रतपाल सिंह के पुत्र के.पी.सिंह के साथ सम्पन्न हुयी थी। शादी के बाद सास जनक राजा और ससुर प्रतपाल सिंह व पति के.पी.सिंह उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने चार पहिया गाड़ी की मांग करते हुये उसके साथ मारपीट शुरू की। बताया कि ससुराल में पति शराब पीकर उसके साथ आये दिन विवाद करते और सास-ससुर भी पति का ही साथ देते थे ।करीब एक साल बाद जब उसके मायके वाले उसे ले आये, वही कुछ समय बाद उसका पति आया और मारपीट न करने की बात कहते हुये नेहरू नगर में ही किराए से कमरा लेकर रहने की बात कही। आरोप है कि 14 सितम्बर को उसका पति शराब पीकर आया और उससे फिर से चार पहिया गाड़ी की मांग करते हुये ससुराल काला पहाड़ी चलने की बात कहने लगा। जब उसकी मां कमलेश राजा ने किराये के मकान पर जाकर उसे बचाया।

### अंतर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता शुरू

ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स में तीन दिवसीय आयोजित होने वाली 13वीं अन्तर जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि को बैज लगाकर सम्मानित किया।

# कल से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

17 सितंबर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय बैठक सीडीओ कार्यालय में आयोजित की गयी। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल हैं। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी0बी0 की जांच आदि शामिल हैं। दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (एन0वी0बी0डी0डी0) है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा। प्रसव पूर्व देखभाल (ए.एन.सी.) जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर/जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी।

उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल डा0 वीरेन्द्र सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 अर्जुन लाल अहिरवार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओम प्रकाश सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राम नरेश सोनी, युवा कल्याण विभाग से श्री शैलेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग से श्री नंदित कुमार, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना, डीपीएम रजिया फिरोज, डीसीपीएम गणेश तेंगुरिया, हास्पिटल मैनेजर नंदलाल आदि मौजूद रहे।



स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत बैठक संपन्न

## हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी पखवाड़ा एक अभियान है जो हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाते: यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा, उपप्राचार्य असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल रायकवार, असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाराम विश्वकर्मा,असिस्टेंट प्रोफेसर प्रकाश खरे एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 सेजल पाराशर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव ने कहा कि हिन्दी पखवाड़ा एक अभियान है जो हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार, संवर्धन और उसके सही उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह आमतौर पर 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक मनाया जाता है। 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने कहा कि हिंदी ने हर तरह से मेरा उत्थान किया। मुझे भाषा में ऐसी सहजता दी कि मैं अपनी बात को बढ़िए तरीके से किसी के पास भी रख सकूं। हिंदी ने ही मुझे वो क्षमता दी। हिंदी ने मुझे मेरे करियर में एक आत्मविश्वास दिया। मैं जिस क्षेत्र में हूं, वहां बोलचाल की भाषा चाहे कुछ भी हो, मगर काम की भाषा हिंदी ही है, तो मैं उसमें माहिर रहा और वो मेरे बहुत काम आया। मैं तो हिंदी में विलुप्त होने वाले या कम बोले जाने वाले शब्दों का प्रयोग भी करता हूं। उनके अर्थ भी लोग समझते हैं। लोगों को ये बढ़ावा मिलता है कि ये क्या बोल रहे है और कई लोग उन लफ्जों को शब्दकोश में जाकर खोजते भी हैं।

### हिंदी की सबसे बड़ी खूबी उसकी लयात्मकता और समृद्ध शब्दावली

*उपप्राचार्य असि0प्रो0 रामलाल रायकवार ने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी खूबी उसकी लयात्मकता और समृद्ध शब्दावली है। यह संस्कृत से निकली हुई एक उत्कृष्ट भाषा है, जिसे 80 प्रतिशत भारतीय समझते और बोलते हैं। यही कारण है कि मुझे अपने व्यक्तित्व विकास में हिंदी ने गौरव और गरिमा प्रदान की। अपनी मातृभाषा बोलना मेरे लिए सौभाग्य है।हिन्दी दिवस ,हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार व उसके उपयोग के प्रोत्साहन के लिए समर्पित एक दिवस है। इस पूरे सप्ताह अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन विद्यालय और कार्यालय दोनों में किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य हिन्दी भाषा के लिए विकास की भावना को लोगों में केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे और अधिक बढ़ाना है। इन सात दिनों में लोगों को निबन्ध लेखन, आदि के द्वारा हिन्दी भाषा के विकास और उसके उपयोग के लाभ और न उपयोग करने पर हानि के बारे में समझाया जाता है। संगोष्ठी के अंत में कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 सेजल पाराशर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे लोग जो हिन्दी का ज्ञान रखते हैं या हिन्दी भाषा जानते हैं, उन्हें हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्य का बोध करवाने के लिए हम सभी हिन्दी दिवस /हिन्दी पखवाड़ा के रूप में मनाते है। जिससे वे सभी अपने कर्तव्य का पालन कर हिन्दी भाषा को भविष्य में विश्व स्तरीय भाषा बनाने में सहयोग कर सके।इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सचिन कुमार प्रथम, प्रिन्स पटेल द्वितीय एवं साक्षी निरंजन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में सचिन तिवारी ( नेहरू युवा केंद्र ललितपुर),उपप्राचार्य रामलाल रैकवार, असि0प्रो0 प्रकाश खरे, असि0प्रो0 प्रसन्न कुमार, असि0प्रो0 प्रकाश विश्वकर्मा, असि0प्रो0रमाकान्त सिंह,असि0प्रो0 भागचन्द्र कुशवाहा, असि0प्रो0 हरिओम शरण सेन, असि0प्रो0 नसीम खॉन, असि0प्रो0 संदीप यादव, असि0प्रो0 सतीश सोनगिरकर, असि0प्रो0 राहुल विश्वकर्मा, असि0प्रो0 सतीशसाहू, असि0प्रो0 सरिता श्रीवास्तव, श्री अमन कुशवाहा, श्री विजय कुमार एवं श्री नीरज श्रीवास, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन असि0प्रो0 गंगाराम विश्वकर्मा ने किया।*

## भारत रतन से विभूषित

# राष्ट्रीय अभियंता दिवस के रूप में मनाया विश्वेश्वरैया का जन्मदिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

के०पी०एस० पी०जी० कॉलेज ककरूआ में भारत के महान अभियंता, राजनयिक एवं भारत रत्न से विभूषित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म दिन राष्ट्रीय अभियंता दिवस के रूप में बडी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ लतिका सुड़ेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, कदअउ प्रभारी प्रभान्शु नगाइच एवं प्रवक्ता पंकज पटैरिया ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुड़ेले ने अपने संम्बोधन में कहा कि आज के युग में विज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है और विज्ञान अभियंताओं को जन्म देती है। जिससे हमारे श्रम और समय की वचत होती है। हम कम समय में अधिक कार्य कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया भारत के महान अभियंता थे। उन्होंने सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। उन्होंने बांधों में स्वाचालित जल निकास गेट की व्यवस्था की जिससे आपात स्थिति में बाढ़ पर नियंत्रण हो सके। 'दअउ प्रभारी प्रभान्शु नगाइचने कहा कि मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 1955 में सर्वोच्च नागरिक पुरूस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। आज के अभियंताओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और प्रवक्ता केहर राही ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्रायें एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता छाया तिवारी, प्रवक्ता अनीता साहू, प्रवक्ता नेहा श्रीवास्तव, प्रवक्ता भानुप्रताप घोष, प्रवक्ता गौरव साह, प्रवक्ता अभिषेक शुक्ता, प्रवक्ता अमित कुमार, प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोति, प्रवक्ता ज्योति रानी, प्रवक्ता रानी पुरोहित, आसिफ खॉ, प्रवक्ता केहर राही प्रवक्ता जगत राज, प्रवक्ता निधि जैन, प्रवक्ता राजकुमार पटेल, प्रवक्ता पंकज पटैरिया, प्रवक्ता भाग चन्द्र कुशवाहा, प्रवक्ता रविन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता नीलू सर, राजेन्द्र रजक, संक्षम त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## बिना नंबर प्लेट व फॉल्ट नंबर प्लेट के खिलाफ एक्शन

# यातायात नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई होगी



**ललितपुर।** अब बिना नंबर और फॉल्टी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की खैर नहीं। बिना नंबर प्लेट/ फॉल्टी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ अब अभियान चलाया जा रहा है। एसपी मो. मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालूसिंह व सीओ अजय कुमार के पर्यवेक्षण में चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि यातायात नियमों के विरुद्ध कार्य करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा वहां चालकों को जागरूक किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट या फॉल्टी (खराब) नंबर प्लेट वाले वाहन को चलाना गैरकानूनी है और इसके लिए जुर्माना लगता है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत, इस अपराध पर 5 से 10 हजार रुपए तक का जुर्माना और सजा हो सकती है। यदि आपकी नंबर प्लेट खो जाए या चोरी हो जाए, तो आपको तुरंत एक नई नंबर प्लेट के लिए आवेदन करना चाहिए और इस दौरान अपने वाहन के कागज साथ रखने चाहिए।

**नई प्लेट के लिए आवेदन करें:** तुरंत अपने राज्य के परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या अधिकृत डीलर से संपर्क करके अपनी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करें।यदि आपको वाहन चलाने की अनुमति है, तो आपको एक अस्थायी नंबर प्लेट प्राप्त करनी होगी, जो आमतौर पर केवल एक महीने के लिए वैध होती है। इस अवधि के दौरान आपको स्थायी नंबर प्लेट लगवानी होगी। इस दौरान अपनी गाड़ी की रसीद और अन्य सभी आवश्यक कागजात, जैसे बीमा, साथ रखें। बिना नंबर प्लेट या खराब नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर 5 से 10 हजार रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। जुर्माने के साथ जेल की सजा भी हो सकती है। जुर्माने की राशि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर अलग-अलग हो सकती है।

# श्रीविश्वकर्मा पूजन पर निकालेंगे शोभायात्रा

## आयोजन कल से किया जा रहा, इसकी तैयारियां जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीश्री 1008 श्री विश्वकर्मा भगवान पूजन समारोह व भव्य शोभायात्रा का आयोजन 17 सितम्बर को किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर व्ही-5 विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष विजय डयोडिया ने तालाबपुरा नामदेव समाज मंदिर के सामने स्थित कार्यालय पर एक पत्रकारवार्ता में जानकारी दी। व्ही-5 अध्यक्ष विजय डयोडिया ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजन महोत्सव को लेकर तमाम प्रकार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दोगुनी ताकत से भव्य आयोजन किया जा रहा है। समारोह की तैयारियों को लेकर इस वर्ष ब्लाक स्तर पर भी तैयारियां की गयी हैं। बताया कि मुख्य अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री, विधायक है। इसके अलावा जो पंचरत्न समाज के लोग जो कि वरिष्ठ पदों पर हैं, वह भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह के दौरान सर्वप्रथम भगवान का पूजन और सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा विशाल शोभायात्रा श्री तुवन मंदिर प्रांगण से निकाली जायेगी, जो कि शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली जायेगी। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र वी-5 के द्वारा बनायी गयी झांकियां होंगी। अतिथियों का स्वागत सत्कार किया जायेगा। हवन पूजन और प्रसादी वितरण किया जायेगा। उन्होंने पंचरत्न समाज के लोगों से शोभायात्रा में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

## 19 से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी

# नपा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

### मतदान 15 अक्टूबर को, 17 अक्टूबर रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ललितपुर नगर पालिका परिषद की सीट नगर पालिका अध्यक्ष मृत्यु के उपरांत खाली हो गई थी जिस पर उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव निर्वाचन की सूचना जारी कर दी चुनाव घोषणा होते ही नगर में राजनीतिक गलियारे में हलचल प्रारंभ हो गई राजनीतिक दल सक्रिय राजनीति के लिए मैदान में आने की तैयारी करने लगे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के उप चुनाव की तिथि घोषित निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को घोषित कर दी गई है , जिसके तहत 19 सितंबर से 29 सितंबर तक प्रात 11 बजे दोपहर 3 बजे नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, 30 सितंबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी, 3 अक्टूबर को प्रात 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम वापिसी, 6 अक्टूबर को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे, 15 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से साय 5 बजे तक मतदान जम्पन्न होगा, 17 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे कार्य समाप्ति तक मतगणना होगी, इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग राज प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को आधी सूचना जारी करते हुए निर्देश जारी करते चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश जारी किए है।


## भारतीय किसान संघ की बैठक हजारिया मंदिर पर हुई

# किसानों की समस्या पर विचार विमर्श किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय किसान संघ तालबेहट विकास खंड की बैठक हजारिया मंदिर पर शिवकांत दीक्षित क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के मुख्यातित्व में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को कोटा राजस्थान में हुई थी तब लेकर आज तक भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहा है इसी क्रम में आज प्रदेश के सभी विकास खंडों में खाद, बीज,फसल बीमा, मुआवजा, बिजली, पानी आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हुए।

आप ने कहा कि 19दिसम्बर2022को दिल्ली के रामलीला मैदान में पूरे देश के 1लाख किसानों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार से किसानी में आने वाले कृषि आने वाली वस्तुओं पर जी एस टी समाप्त करने की मांग की थी उस समय आश्वासन दिया था कि विचार करेंगे और अब सरकार ने 18%से कम कर 5%की है जी एस टी कम होने से किसानों को काफी फायदा होगा। आगे कहा कि भारतीय किसान संघ का ग्राम समिति, विकास खंड समिति, जिला समिति, प्रांत प्रदेश समिति व अखिल भारतीय समिति का गठन हर तीन वर्ष में होता है 2024में सदस्यता हुई थी , उसके बाद ग्राम समिति से लेकर अखिल भारतीय समिति तक का गठन हो चुका है फरवरी में अखिल भारतीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय के साईं रेड्डी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया और मोहनी मोहन राष्ट्रीय महामंत्री चुने गए है और पूरी कार्यकारिणी बनने के बाद सभी समितियों के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहे हैं जो दिसंबर तक पूर्ण हो जायेंगे। वर्ष भर की कार्ययोजना बनाई। प्रांत संगठन मंत्री कमलेश ने कहा कि कृषि देवता भगवान बलराम को भारतीय किसान संघ ने अपना आदर्श मानना है उन्होंने किसानों को खेती करना सिखाया उनके शस्त्र हल और



मूसल था और राजनीति से वह दूर रहे उसी तरह भारतीय किसान संघ का पदाधिकारी राजनीतिक दल का पदाधिकारी नहीं होता और वहां पदाधिकारी भारतीय किसान संघ का नहीं होगा आप ने संघ के शताब्दी वर्ष में भाग लेने कि आग्रह किया। प्रांत उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला ने जिले के किसानों की फसलें नष्ट होने के बाद भी अभी तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिली है किसानों को आगली फसल की तैयारी में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है खाद बीज खेतों की सफाई व जुताई में लागत की व्यवस्था के लिए साहूकारों चंगुल में पड़ने लगे हैं ऐसी स्थिति में यदिशीघ्र राहत नहीं मिली मुआवजा फसल बीमा नहीं मिला तो भारतीय किसान संघ आंदोलन को बाध्य होगा।डी ए पी खाद की कालाबाजारी रोकी जाए। सभी कार्य कर्ता किसानों का सहयोग करें और 1350से अधिक लेने वाले शिकायत करें और करायें। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार विश्वकर्मा ने की बैठक में पुष्पेन्द्र सिंह बुंदेला, उदयभान सिंह, बद्रीनारायण कौशिक, सोहनलाल विश्वकर्मा, ऋषिअरोरा हरिओम राजपूत, महेंद्र सिंह बुंदेला, नरेंद्र सिंह, अरविंद राजपूत, भागीरथ कुशवाहा, जय राम, राम किसन प्रजापति, भगवान दास, सूरत सिंह, देवेंद्र कुमार,बचनलाल, राजबिहारी आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक कांग्रेस ने झागर गांव में किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया

# बाढ़ में सब नष्ट हो गया, किसानों के बिजली बिल करो माफ- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना कांग्रेस की कमान जयवर्धन सिंह को मिलते ही पार्टी में ऊर्जा का संचार हो गया है। इसी क्रम में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस ने झागर गांव में किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया है और सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। खास बात यह है कि सितंबर के महीने में तीसरा मौका है जब कांग्रेस ने जिले में बड़ा प्रदर्शन या आंदोलन किया है। बमौरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झागर में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक कहा कि मध्यप्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार अस्तित्व में आई, तब से किसानों को खाद के लिए लाइन में खड़ा रहकर प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सरकार के मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी झूठ दावे करते हैं कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।



**मक्का उड़द हुई नष्ट, सही से करो सर्वे दो मुआवजा** : ब्लॉक कांग्रेस ने झागर सहित आसपास के क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के दौरान नष्ट हुई मक्का, उड़द की फसलों का सही सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा धरना-प्रदर्शन के मंच से बिजली सही से नहीं मिलने पर बिजली कम्पनी को भी घेरा गया है।

**बिजली विभाग ने गांवों की लाईट काट रखी** :कांग्रेस नेताओं ने तंज कसा कि सरकार किसानों को 10 घंटे बिजली मुहैया कराने के दावे कर रही है, वहीं बिजली कम्पनी बिजली देने के बजाए किसानों पर वसूली का दबाव बनाने में अपनी जोर आजमाइश दिखा रही है। ब्लॉक कांग्रेस ने मांग की है कि बाढ़ की प्राकृतिक आपदा को देखते हुए इस बार रबी सीजन में किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं और वित्तीय वर्ष में किसानों से राजस्व वसूली न करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जाए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लेखराज लोधा, मंडल अध्यक्ष गोपाल किरार, दशरथ किरार धानखेड़ी, धनराज प्रजापति, डॉ. ओपी त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज सिंह बना, ब्लॉक महासचिव जेएल किरार, अभिषेक बैरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संयुक्त चेकिंग के दौरान सामने आए मामले

# बाल श्रम मामले में ब्यावरा के 2 दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बाल श्रम को रोकने प्रशासन सहित सामाजिक संगठनों के लाख जागरुकता प्रयासों के बावजूद प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसी कड़ी में बालश्रम की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद श्रम विभाग, अंहिसा वेल फेयर की टीम ने ब्यावरा में कुछ प्रतिष्ठानों को चेक किया। इस दौरान दो दुकानों पर 14 वर्ष से कम उम्र के दो बच्चों से काम करवाते पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। बाल श्रम अधिकारी सौरभ कुमार गुप्ता, लेबर इन्सपेक्टर मनोज चैहान, अहिंसा वेलफेलयर टीम से रजनी प्रजापति की टीम ने ब्यावरा नगर पहुंचकर कुछ दुकानों की चेकिंग की। इस दौरान नवीन नगर पालिका काम्पलेक्स में संचालित वर्षा ऑटो पार्टस एवं बालाजी ऑटो पार्टस दुकानों पर नाबालिग बच्चों से सर्विसिंग कार्य कराया जाता पाया गया। टीम द्वारा पहले दोनों बाल श्रमिकों को मुक्त करवाते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त थाने पहुंचकर दोनों दुकान संचालकों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### समिति ने की बाल श्रमिकों की काउन्सलिंग

बाल कल्याण समिति द्वारा दोनों नाबालिग बच्चों की काउन्सलिंग करते हुए उन्हें बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्हें अपनी पढ़ाई-लिखाई निरंतर रखने की सलाह दी गई ताकि भविष्य में किसी दूसरे के यहां काम न करना पड़े एवं वे(बच्चे) स्वयं का व्यवसाय या नौकरी कर अपना भविष्य संवार सकें। इस पूरी कार्यवाही में अहिंसा टीम की निकिता मेवाड़े, विशेष पुलिस ईकाई से रमेशचंद्र भिलाला, बाल कल्याण समिति सदस्य रिंकु सुनेरी, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सरोज पाटिल सहित अन्य का योगदान रहा।

ऑपरेशन के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी सिम एक्टिवेशन से अपराधियों तक पहुंच बना रहे चार गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सब डिवीजन में पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्यवाही में सारंगपुर अनुभाग के पचोर और लीमाचैहान थाना क्षेत्रों से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो नियम विरुद्ध तरीके से मोबाइल सिम कार्ड सक्रिय कर अपराधियों तक पहुंचा रहे थे। पूरे प्रदेश में एकसाथ संचालित इस अभियान का उद्देश्य उन सिम कार्डों की पहचान और रोकथाम करना था जिनका उपयोग लगातार बढ़ते साइबर अपराधों में हो रहा था। जांच में सामने आया कि कुछ सिम वेंडर्स और पॉइंट ऑफ सेल संचालक ग्राहकों के पहचान दस्तावेजों का दुरुपयोग कर रहे थे।

वे अधिक मुनाफे के लिए प्री-एक्टिवेटेड सिम तैयार कर देते थे और इन्हें ऐसे लोगों तक पहुंचाते थे जो सेक्सटोर्शन, धमकी, बैंक लोन धोखाधड़ी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसी आपराधिक गतिविधियों में इनका इस्तेमाल करते थे। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि लीमाचैहान थाना क्षेत्र के मामले में शाहबाज मंसूरी पिता रमजान मंसूरी निवासी पाड़ल्यामाता और अर्जुन बंजारा पिता मुन्नालाल बंजारा निवासी अमलावता को गिरफ्तार किया गया है। इन पर धारा 318(4) बीएनएस, 66सी आईटी एक्ट और 42(6) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हुआ है। वहीं पचोर थाना क्षेत्र के चार मामलों में रामबाबू वर्मा पिता राजाराम वर्मा निवासी ग्राम अंतरालिया और संदीप वर्मा पिता राजाराम वर्मा निवासी लालपुरा चाकरोद को पकड़ा गया है।

### एक के साथ दूसरी सिम कार्ड एक्टिवेट कर रहे थे

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से एक के साथ दूसरी सिम कार्ड एक्टिवेट कर रहे थे। कई बार एक ही आईडी का बार-बार उपयोग होता था। इन सिमों का प्रयोग कॉलिंग एप्स और सोशल मीडिया अकाउंट बनाने में भी किया जाता था, जिससे अपराधियों की पहचान छिपी रहती और वे आम लोगों को आसानी से अपने जाल में फंसा लेते थे। इस कार्रवाई को सफल बनाने में पचोर थाना प्रभारी निरीक्षक शकुन्तला बामनिया, उपनिरीक्षक राहुल सेन्धव, लीमाचैहान थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनिल राहोरिया और साइबर सेल राजगढ़ की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और नेटवर्क के और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पुलिस ने की अपील

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे हमेशा अधिकृत विक्रेता से ही मोबाइल सिम खरीदें, पहचान दस्तावेज किसी अनजान को न दें और किसी प्रलोभन में आकर बैंक खाता या सिम कार्ड किसी अन्य को उपलब्ध न कराएं। यदि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचित करें।

# तिवारी महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश इकाई मप्र द्वारा आयोजित प्रथम प्रदेश स्तरीय महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान का आयोजन उज्जैन में दिनांक रविवार 14 सितंबर 2025 को सिद्धवटमंदिर भेरूगढ़, उज्जैन में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में प्रदेशभर से समाज के शिक्षा एवं सामाजिक सेवाओं में श्रेष्ठ सेवा कार्यों को करने वाले शिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे प्राप्त आवेदनों से समिति द्वारा विभिन्न मापदंडों को पूर्ण करने वाले पर 6 शिक्षक-शिक्षकाओं का मेरिट सूची अनुसार चयन किया गया। जिसमें शाजापुर से 20 वर्षों से सतत शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय विद्यालय में श्रेष्ठ सेवाओं एवं 24 वर्षों से सतत सामाजिक सेवाओं को प्रदान करने वाले गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष ललित तिवारी प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे जिन्हें गरिमामय कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा, बुद्धि प्रकाश शास्त्री, माया राजेश त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा, रानी व्यास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी संयोजक प्रमोद व्यास, सहसंयोजक सुबोध शर्मा के गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित किया गया तिवारी के सम्मान पर शुजालपुर नगर सभा, अध्यक्ष डॉ आशीष दुबे एवं जिला इकाई के प्रकाश जोशी ओमप्रकाश पंचोली बालकृष्ण उपाध्याय, राजेंद्र उपाध्याय, सहित सभी समाज जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए।



# प्रोग्रेसिव हाइट्स का सितारा कुश वजार- राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता

**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ जब विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुश वजार ने एस.जी.एफ.आई. की 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 8 से 11 सितंबर 2025 तक गुना में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भर के चुनिंदा विद्यालयों के श्रेष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुश वजार ने कठिन मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कुश की सफलता ने न केवल प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावरा का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे जिले का नाम भी रोशन किया। विद्यालय परिवार ने कुश और उनके परिजनों को हृदय से बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कुश के पिता प्रदीप वजार ने इस उपलब्धि पर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुत्र की यह मेहनत आगे चलकर और भी बड़ी सफलताओं में परिवर्तित होगी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया है कि कुश वजार भविष्य में भी अपनी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



# एससी, एसटी वर्ग से जुड़े अपराधों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित वर्ग से जुड़े अपराधों के संबंध में पुलिस विभाग द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(अजाक) आशुतोष राय, भोपाल रेंज डीआईजी अभय सिंह, उप-पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओ.पी. त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित अपराधों की विवेचना, त्वरित कार्यवाळी, राहत प्रकरण एवं प्रभावी निस्तारण हेतु विस्तृत समीक्षा की गई।



साथ ही पीड़ति पक्ष को शीघ्र न्याय दिलाने, दोषियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं समाज में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने दिए ये अहम निर्देशबैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राय ने अधिकारियों को निर्देषित किया गया कि एससी/एसटी से संबंधित प्रकरणों की विवेचना पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ की जाए। पीड़ति व्यक्तियों को त्वरित राहत एवं आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए। ऐसे प्रकरणों की निगरानी उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर की जाए।प्रत्येक थाने में इस श्रैणी के मामलों को प्राथमिकता में रखा जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की तथा उन पर अब तक हुई कार्यवाही का प्रतिवेदन दिया। राय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में विधि संगत, त्वरित एवं कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

# राज्य मंत्री टेटवाल ने मरीजों से की चर्चा, जाने हालचाल



**सारंगपुर।** क्षेत्रीय समस्याओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत जानने के उद्देश्य से राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे मंत्री ने अस्पताल की विभिन्न वार्डों का दौरा किया तथा वहां भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता और स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन डॉ मनीष चैहान को साफ-सफाई, समय पर दवा वितरण और गंभीर मरीजों के लिए त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को बिना किसी परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों से बातचीत में मंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से नियमित रूप से मरीजों का ध्यान रखने और पारदर्शी सेवाएं देने की अपील की। वही अस्पताल अधीक्षक चैहान ने मंत्री टेटवाल से अस्पताल में 50 बेड की मांग रखी जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द अस्पताल को बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र तभी मज़बूत होता है जब हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिले : शहरयार खान

**शुजालपुर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वक़्त संशोधन विधेयक 2024 पर एक ऐतिहासिक आदेश पारित किया है, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शहरयार खान ने कहा कि अदालत ने इस विधेयक के विवादित प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए स्पष्ट किया कि ये मामला संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है, प्रदेश प्रवक्ता शहरयार खान ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस विधेयक के प्रभाव से करोड़ो नागरिकों खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक एवं सामाजिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि इस पर व्यापक और गहन विचार विमर्श हो। अदालत ने आदेश दिया कि मामले को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए और अगली सुनवाई तक किसी भी प्रकार की नई कार्यवाही रोक दी जाए। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का हार्दिक स्वागत करती है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि संविधान की आत्मा समानता, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता में निहित है, इस आदेश ने ये साबित कर दिया है कि देश की न्यायपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। हम मानते है कि लोकतंत्र तभी मज़बूत होता है, जब हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिले और किसी समुदाय के साथ अन्याय न हो।

# महिला चिकित्सक से बदसुलूकी के बाद स्वास्थ्य सेवाएं ठप मेडिकल केमिस्ट संगठन ने दिया ज्ञापन



**माचलपुर।** शनिवार शाम को महिला द्वारा अपने पुत्र के ईलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाकर अपने बेटे अरविंद पिता प्रेमनारायण मालवीय की मृत्यु के आरोप लगाकर महिला ने चिकित्सक पायल पाटीदार से मारपीट की गई जिसकी शिकायत भी माचलपुर रात्रि में पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई! जिसके बाद स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर सहित निजी क्लीनिक सहित मेडिकल दुकान संचालकों ने रविवार दोपहर तक अपने अपने प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद रख कर अपना विरोध दर्ज करवाया जिसके कारण मरीजों वा उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।मेडिकल केमिस्ट संगठन ने एक ज्ञापन कलेक्टर ने नाम नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को दिया जिसमे डाक्टर पायल पाटीदार के साथ हुई अभद्रता का उल्लेख किया गया । ज्ञापन के समय मेडिकल दुकान संचालक व प्रायवेट क्लीनिक संचालक मौजूद रहे।

छात्राओं को कलावा धागा बांध कर विद्यालय आने पर शिक्षिका के एतराज करने पर विवाद

# हिंदू संगठन ने किया स्कूल का घेराव, शिक्षिका ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

तहसील के सोमवारिया क्षेत्र के मॉडल स्कूल में शुक्रवार सुबह प्रार्थना के दौरान एक विवाद खड़ा हो गया। अंग्रेजी की टीचर अंबिका फरोड़ ने छात्राओं के हाथ पर बंधे कलावे कैंची से काट दिए और कहा कि धागा नहीं बांधोगी तो तुम्हारे भगवान मर नहीं जाएंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राएं उस समय प्रार्थना में शामिल थीं। एक छात्रा ने बताया कि शिक्षिका ने उन्हें कहा कि अंधविश्वास में मत जियो और तिलक-कलावा घर पर ही रखो, स्कूल में मत लाओ। इस घटना से हम सब छात्राओं और परिवार की भावनाएं आहत हुईं।

### हिंदू संगठनों ने किया स्कूल का घेराव

मामला सामने आते ही परिजन और सकल हिंदू संगठन के सदस्य स्कूल पहुंच गए और परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस समय स्कूल प्राचार्य रामचंद्र दांगी स्कूटी वितरण कार्यक्रम में गए थे। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। साथ ही तहसीलदार और एसडीओपी भी स्कूल आए और छात्राओं व परिजनों से बात की।हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने स्कूल में बैठकर प्रदर्शन किया।



### टीचर ने लिखित में मांगी माफी

विवाद बढ़ता देख शिक्षिका अंबिका फरोड़ ने लिखित माफीनामा स्कूल की प्राचार्य को सौंपा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अनुशासन बनाए रखना था, किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना नहीं। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं होगा। प्राचार्य रामचंद्र दांगी ने कहा कि स्कूल में सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान किया जाता है। ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिजनों और समाजजनों ने शिक्षिका की माफी स्वीकार कर प्रदर्शन खत्म कर दिया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आगे ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाएगी।